हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024
बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



।। पितृ कृपा ।।
श्री बालाजी मार्बल
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
ग्रेनाइट . मार्बल . टाइल्स . कोटा स्टोन . तुलसी चौरा . मार्बल मंदिर... आदि रायपुर रेट में उपलब्ध



## खबर संक्षेप



### पर्यावरण जागरूकता के लिए इको क्लब के बच्चों ने निकाली साइकिल रैली

**डौण्डीलोहारा।** विकासखण्ड आदिवासी वनांचल ग्राम के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा में बैगलेस डे पर गो ग्रीन पर पोस्टर सायकल रैली निकाली गई। इस दौरान बच्चों ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बताया कि गो ग्रीन का मतलब है पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक होना और अपने व्यवहार और जीवन शैली में बदलाव लाना ताकि आपके द्वारा उत्पन्न प्रदूषण और कचरे की मात्रा कम हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदूषण एक वैश्विक संकट है। साइकिल चलाकर वाहनों के उपयोग को कम कर सकते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सायकिल चलाने से स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। इस अवसर परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य भी उपस्थित रहे।

### तहसील साहू संघ का सम्मान समारोह आज

**गुण्डरदेही।** तहसील साहू संघ गुण्डरदेही द्वारा जमीन के लिए दान करने वाले दानदाताओं का 27 अक्टूबर को सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहलसिंह साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष सोमन लाल साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, दीपक ताराचंद साहू, वीरेंद्र साहू, सुचित्र साहू उपस्थित रहेंगे। तहसील अध्यक्ष डॉ.मानसिंह सार्वा ने बताया कि तहसील गुण्डरदेही के अंतर्गत सभी गांवों के साहू समाज के लोगों से सहयोग और विशेष दानदाताओं के सहयोग से साहू सदन से लगी जमीन को ख़रीदा गया है, जिसके लिए यह सम्मान समारोह का आयोजन साहू सदन गुण्डरदेही में किया गया है।

### मंदिर ट्रस्ट चौरेल की बैठक आज

**लाटाबोड़।** मंदिर ट्रस्ट चौरेल की आवश्यक बैठक 27 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से रखी गई है। समिति के अध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव ने बताया कि बैठक में शारदीय नवरात्रि से संबंधित आय-व्यय प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही अन्य कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

पेज 13 का शेष...

### गोलकापार स्कूल की...

यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा विद्यालय में छत मरम्मत का कार्य किया ही नहीं गया। विभाग ने पूरे स्कूल में टाईल्स लगवाया एवं पुट्टी कर रंग रोगन किया गया है व शौचालय मरम्मत किया गया है, आरईएस ने छत जीर्णोद्धार के लिए राशि स्वीकृत होने के बाद भी छत की मरम्मत क्यों नहीं की गई यह बड़ा सवाल था। मामले की पड़ताल करने पर पता चला कि छत की मरम्मत लोक निर्माण विभाग द्वारा भी लगभग 15 लाख से अधिक की राशि से कर दी गई है, लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए कार्य का सूचना बोर्ड क्यों नहीं लगाया गया, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। ऐसा लगता है कि इस विद्यालय में एक ही कार्य कार्य के लिए दो विभाग द्वारा राशि स्वीकृत की गई और दोनों ही विभाग ने यहां मरम्मत कार्य कराया है, मिली जानकारी के अनुसार दोनों ही विभाग ने मिलकर शाला जीर्णोद्धरा के लिए लगभग 30 लाख रूपये से अधिक की राशि खर्च कर दी है, जो कि अपने आप में चौंकाने वाला मामला है। वर्तमान में छत की स्थिति पहले से बेहतर है, लेकिन विद्यालय की दीवारों में की गई पुट्टी व रंग रोगन उखड़ने लगा है। बदरंग दीवारें शाला जतन योजना के कार्यों में हुई अनियमितता की पोल खोल रही हैं।

---

#### डौंडीलोहारा के वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद माया ने करवाई सफाई

# अनुपयोगी हैंडपंप के बोर की सफाई के बाद चलने लगा मोटर, दूर हुई पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर पंचायत डौंडीलोहारा के वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद माया जयेश ठाकुर ने वार्ड में लगभग 10-12 वर्ष पूर्व से अनुयोगी हैंडपम्प की सफाई कराकर इस अनुपयोगी हैंडपम्प के बोर को उपयोगी बना दिया है। वर्षों पूर्व से अनुपयोगी पड़े बोर की सफाई के बाद पर्याप्त पानी आ जाने से वार्डवासियों ने इस कार्य के लिए पार्षद माया जयेश ठाकुर के प्रति आभार व्यक्त किया है। वार्ड क्रमांक 06 में बोर की हाइड्रोलिक मशीन से सफाई के दौरान जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर, भाजयुमो नेता धर्मेन्द्र निषाद, पार्षद माया जयेश ठाकुर, नेहा उपाध्याय, भाजपा के विश्राम सेन, महेश दुबे, दिनेश साहू, सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- पानी नहीं आने के कारण 10-12 साल से बंद था हैंडपंप
- हाइड्रोलिक मशीन से की गई सफाई के बाद मिल रहा पर्याप्त पानी



जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार तथा जिले में भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू की अगुवाई में पूरा संगठन विकास कार्यों को संपादित कराने के लिए लगातार सक्रिय है। आने वाले समय में भी जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों तथा ग्रामीण क्षेत्रों का विकास का सक्रिय प्रयास जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू की अगुवाई में जिला संगठन के सभी पदाधिकारीगण तथा जिम्मेदार लोग करते रहेंगे। वार्ड क्रमांक 06 की पार्षद माया जयेश ठाकुर ने बताया कि वार्ड क्रमांक 6 में रामसिंह पटेल घर के पास स्थित हैंडपम्प लगभग 10-12 वर्षों पूर्व तक उपयोग होता रहा, फिर हैंडपम्प में बोर का पानी कम हो जाने से वार्डवासियों द्वारा इस हैंडपम्प का उपयोग किया जाना बंद कर दिया गया था। वार्ड में विगत लंबे समय से पानी की किल्लत को देखते हुए इसे हाइड्रोलिक प्रेशर मशीन से बोर को साफ कराकर इसमें पानी की क्षमता को बढ़ाया गया है। सफाई के बाद इसमें 2 एचपी का पम्प चलने लगा है। अब इस बोर का उपयोग वार्डवासियों की पानी की समस्या को दूर करने में किया जा सकता है।

---



## लमती के प्रधानपाठक आमदो को मिला मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय प्राथमिक शाला लमती के प्रधान पाठक भगवती प्रसाद आमदो को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 से नवाजा गया। उनकी इस उपलब्धि पर लमती के पालक, बालक, शिक्षक, शाला प्रबंध समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शाला प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष लोकेश कुमार रावटे ने बताया कि शिक्षक भगवती प्रसाद आमदो ने सन 1999 बेच में शिक्षाकर्मी वर्ग 03 के रूप में शासकीय प्राथमिक शाला लमती में कार्यभार ग्रहण से लेकर अब तक कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने 23 साल में स्कूल को अनेक कार्यों से सुसज्जित किया है। जनशाला माडल, बस्ता मुक्त विद्यालय एवं स्मार्ट क्लास की सुविधा मिली। कोरोना काल से अब तक व्हाट्सएप क्लास का सफल संचालन किया जा रहा है। वे ज्यादा से ज्यादा जनसंपर्क कर लोगों को शाला के प्रति जागरूक करने और शाला से जोड़ने के लिए बच्चों, पालकों, समिति के साथ सतत संपर्क बनाए रखते हैं। उन्हें शिक्षा दूत, मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर कन्हैया लाल बारले शिक्षक, लोकेश कुमार रावटे, कार्यक्रम में सहभागी हुए। इस उपलब्धि पर मिडिल स्कूल की शिक्षिका संध्या पिस्दा, प्रियंका लोहरे एवं दोनों शाला के समिति के अध्यक्ष मूरित राम ठाकुर, भगवान सिंह सिवना समिति के सदस्यों एवं पालकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

---

## अभाविप की अर्जुदा नगर मंत्री बनाई गईं प्रीति

**अर्जुदा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई अर्जुन्दा नवीन कार्यकारिणी घोषणा का कार्यक्रम का शुभारंभ युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद और विद्या की देवी मां सरस्वती जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यकारिणी की घोषणा के समय जिला संयोजक मनीषा राणा ने विद्यार्थियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अभाविप प्रत्येक वर्ष नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करता है। इसी तारतम्य में नगर इकाई अर्जुन्दा नगर कार्यकारिणी में नगर मंत्री प्रीती सोनकर, नगर सह मंत्री सुदर्शन साहू, कामिनी, रश्मि कुर्रे, सोशल मीडिया प्रमुख वैभव देशमुख, महाविद्यालय प्रमुख दानेश्वर सिन्हा, नगर विद्यालय प्रमुख रेणुका काशी, दीपशिखा,




एसएफएस में शुभम देशमुख, यामिनी, एसएफएस में मोहित यादव, दिव्या, आरकेएम प्रमुख चांदन, दुलेश्वरी यादव, क्रीड़ा प्रमुख रागिनी साहू, ममता प्रमुख युवाकांत, कामिनी साहू, स्टडी सर्किल प्रमुख पूजा कुंभकार, लीना, नगर छात्रवास प्रमुख चंदन व धनेश्वरी, नगर कार्यालय मंत्री जागृति व यशवंत को दायित्व सौंपा गया। जिला संयोजक ने सभी नवीन कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र प्रथम के भाव से स्कूल महाविद्यालय में निःस्वार्थ भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अभाविप डौण्डी लोहारा के नगर मंत्री दीपेश साहू ने बताया कि अभाविप की इस ध्येय यात्रा में करोड़ों कार्यकर्ताओं ने अपना अमूल्य योगदान देते हुए राष्ट्र प्रथम के भाव से कार्य किया है। आज देश में जो व्यापक परिवर्तन दिखाई देते हैं, उनमें अभाविप का महत्वपूर्ण योगदान है।

---

## अंडा थाना से स्थानांतरित आरक्षकों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पुलिस थाना अंडा से स्थानांतरित होने वाली महिला आरक्षक तृप्ति ध्रुव अंजोरा चौकी, आरक्षक हिम्मत सिंह उतई थाना, आरक्षक रामेश्वर कोमा जेवरा सिरसा चौकी व महिला आरक्षक हेमलता ठाकुर नगपुरा चौकी को उपनिरीक्षक तुलसी राम साहू सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने विदाई दी। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि सरकारी नौकरी में पदस्थापना, स्थानांतरण व सेवानिवृत्ति एक प्रक्रिया है, जिससे सभी को गुजरना होता है। लेकिन एक अधिकारी या कर्मचारी अपनी कर्तव्यनिष्ठा, सेवा आदि से अपना अलग ही स्थान बनाता है, जिसके कारण उनके जाने के बाद लोग हमेशा उन्हें याद करते हैं। वहीं, ग्राम पंचायत अंडा के उपसरपंच अमीत कुमार चन्द्राकर ने कहा कि शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस मौके पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपसरपंच अमित कुमार चन्द्राकर ने स्मृति चिन्ह भेंटकर विदाई दी। इस अवसर पर उपनिरीक्षक तुलसी राम साहू, सुंदर लाल नेताम, राघवेन्द्र सिंह, जेस्मिका कुम्हार, ज्ञानेशवर प्रसाद देवांगन, भागवत प्रसाद, उत्तम कुमार बंजीर, कौशलेंद्र बघेल, मनीषा ध्रुव, दिलीप राऊत सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

---

## शहर में प्रतिदिन निकल रहा 9 टन कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दीपावली त्यौहार के कारण शहर में लोगों के घरों और दुकानों से आम दिनों की तुलना में ज्यादा कूड़ा करकट निकल रहा है। घरों से लेकर दुकानों तक साफ सफाई का कार्य जारी है, ऐसे में लोग पुराने अनुपयोगी सामान को कचरे के साथ बाहर फेंक रहे हैं, जिसे शहर की सफाई व्यवस्था को सम्हालने वाली स्वच्छता दीदियों द्वारा डोर टू डोर एकत्र कर छंटनी की जा रही है।

आम तौर पर डोर–टू डोर कचरा कलेक्शन से प्रतिदिन लगभग 7 टन गीला व सूखा कचरा एकत्रित होता है, जबकि दीपावली के कारण यह बढ़कर करीब 9 टन तक जा पहुंचा है। वहीं, आगामी दिनों के भीतर और बढ़ सकता है। इसके साथ ही सफाई वाहन के फेरों की संख्या भी पहले की तुलना में बढ़ गई है। कचरा एकत्र करने वाली सभी गाड़ियां काम पर लगी हुई हैं। इसके अलावा स्वच्छता दीदियों के साथ पालिका प्रशासन के लगभग 50 सफाई कर्मचारियों की टीम इस कार्य में जुटी हुई है। सुबह 6 से दोपहर 3 बजे तक सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने पालिका के सफाई कर्मचारियों की टीम तैनात है।




**कचरा उठाने वाहनों की संख्या के साथ फेरे भी बढ़ाए गए**

पालिका प्रशासन के सफाई निरीक्षक पूर्णानंद आर्य ने बताया कि कचरे का लोड पहले की तुलना में बढ़ गया है। पहले कचरा वाहन छोटे-छोटे टिप्परों में कूड़ा करकट कलेक्ट कर उसे एक स्थान में छोड़ते थे, लेकिन अब जेसीबी मशीन के साथ दो अन्य ट्रैक्टरों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। यही नहीं, सफाई वाहन के फेरे भी पहले की तुलना में ज्यादा बढ़ाए गए हैं।

---

## मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता, फसल कटाई शुरू, हार्वेस्टर का ले रहे हैं सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के किसान दीपावली त्यौहार के पूर्व अपने खेतों में धान कटाई में व्यस्त हैं, ताकि दीपावली त्यौहार में धान बेचकर खरीदारी कर सकें। लेकिन, मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इसलिए किसान हार्वेस्टर के माध्यम से धान की कटाई कराने में जुटे नजर आ रहे हैं। मौसम के बदलते मिजाज को देख किसान मजदूरों से धान की कटाई की जगह हार्वेस्टर से धान की कटाई करा रहे हैं, क्योंकि इससे समय और पैसे की बचत हो रही है। वहीं, मौसम के अचानक बदलने और बारिश होने से फसल बर्बाद होने की आशंका कम रहती है। वहीं, दीपावली त्यौहार का समय है किसान अपनी उपज बेचकर दीपावली त्यौहार में खरीदारी करते हैं। धान कटाई गांव गांव में जोरों से चल रही है। किसान धान कि कटाई करा चुके हैं, वे किसान थ्रेशर के माध्यम से मिजाई कराकर सुरक्षित रखने में लगे हैं। नारागाँव निवासी किसान राजेश साहू ने बताया कि खेत में धान की फसल पक कर तैयार है, जो खराब मौसम की चपेट में आने से बर्बाद हो सकता है।



**किसान खेतों में इसलिए ग्राहकी कम**

कपड़ा दुकानदार नरेंद्र साहू ने बताया कि शहर में ज्यादातर खरीदार ग्रामीण अंचलों से आते हैं, जो अभी अपने खेतों में धान कटाई के कार्यों व गृह कार्यों में व्यस्त हैं। इसलिए अभी दुकानों में ग्राहकों की भीड़ कम है।

---

## गांजा तस्कर को मिली 20 साल की सजा

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को दुर्ग न्यायालय ने 20 वर्ष की सजा और 1 लाख रुपए का जुर्माना की सजा दी है। मिली जानकारी के मुताबिक विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट सुनीता टोप्पो ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (2)(ग) सहपाठी धारा 29 के तहत सजा सुनाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट विजय कसार ने पैरवी की थी। पुलिस को 25 अक्टूबर 2023 को मुखबिर से सूचना पर कार में गांजा रखकर उड़ीसा से अभनपुर होते हुए भिलाई लाया जा रहा है। खबर लगने पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए कार सीजी 07 एम ए 0099 को रोका। कार में आरोपी सेक्टर 7 निवासी शेख सिराजुल और सुपेला सुंदर जीत जाल कार में सवार मिले। पुलिस ने कार की डिग्गी की तलाशी ली तो एक प्लास्टिक की बोरी में 22.380 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया था। उसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया था।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*

₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव

एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024

12 अनुपयोगी हैंडपंप के बोर की सफाई के बाद चलने...



14 मिलेट्स की खेती करने वाले किसानों को 25 हजार...





संचेती ज्वेलर्स
आज का भाव सोना 72999/-*
आज का भाव चांदी 919/-*
टीप : शुद्ध सोने-चांदी, आभूषण के विक्रेता
हमारे यहां हीरे (Diamonds) के आभूषण भी उपलब्ध है।
पता :- मेन रोड, धमतरी चौक, गुण्डरदेही, जिला बालोद, मो. 9770116200, 6266382228

## खबर संक्षेप



### एकलव्य कालेज के विद्यार्थियों ने किया फल व बिस्कुट वितरण

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं भारतीय यूथ रेडक्रास सोयायटी के संयुक्त तत्वावधान में अस्पताल में सेवा से सीखे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, डौण्डीलोहारा के मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरण राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं भारतीय यूथ रेडक्रास सोसायटी के स्वयं सेवकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य राजू लाल कोसरे, एन.एस.एस. प्रभारी पुरूषोत्तम भुआर्य, महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, कार्यालयीन स्टॉफ एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्रायें, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं भारतीय यूथ रेडक्रास सोयायटी के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

गड़बड़ी : एक ने बोर्ड लगाकर पैसे निकाले, दूसरा बिना बोर्ड लगाए

# गोलकापार स्कूल की छत की मरम्मत दो विभागों ने की, भ्रष्टाचार उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के क्रियान्वयन पर उठ रहे सवाल


गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय हायर सेंकेण्डरी गोलकापार में छत जीर्णोद्धार के नाम पर दो विभाग द्वारा राशि जारी होने एवं कथित तौर पर दोनों विभाग द्वारा कार्य कराने की जानकारी ने मुख्यमंत्री शाला जतन योजना के किए क्रियान्वयन पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री शाला जतन योजना में बीते वर्ष किए गए मरम्मत कार्य के बाद शालाओं की स्थिति का अवलोकन करने के बाद नित नए चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही है। कार्य के नाम पर जिस प्रकार भ्रष्टाचार का खुला खेल चला है उसने योजना के क्रियान्वयन को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला गुण्डरदेही विकासखण्ड के हायर सेंकेण्डरी स्कूल गोरकापार का है, यहां ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा 13.14 लाख छत जीर्णोद्धार संधारण कार्य के लिए स्वीकृत किया गया है। जबकि इस स्कूल में छत जीर्णोद्धार का कार्य लोकनिर्माण विभाग द्वारा कराए जाने की जानकारी दी जा रही है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग द्वारा लगाए गए सूचना बोर्ड को देखकर लगता है कि इस स्कूल में विभाग द्वारा छत मरम्मत का कार्य किया गया होगा, लेकिन शिक्षकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण ▶▶| शेष पेज 12 पर



### दो विभागों ने कराया काम

मामले में शाला के प्राचार्य अर्जुन सिंह तारम ने बताया कि रंग रोगन टाईल्स का कार्य आरईएस ने कराया, उसका सूचना बोर्ड लगा है। छत मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग ने कराया, उसका सूचना बोर्ड नहीं लगा है। मरम्मत के बाद छत की स्थिति पहले से बेहतर है, कहीं-कहीं छत से हल्का सीपेज है, हम कार्य की शिकायत नहीं कर रहे है और न ही हम कार्य की प्रशंसा कर रहे हैं।




### मरम्मत कार्य में सूचना बोर्ड नहीं लगाया जाता

मामले में आरईएस के अधिकारी से कई बार प्रत्यक्ष व कई बार फोन पर संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हुआ। वहीं, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ बीके गोठी ने कहा कि मरम्मत के कार्य में सूचना बोर्ड नहीं लगाया जाता।

## तीन माह में ही टूटने लगी नहर लाइनिंग





**बालोद/अर्जुन्दा।** खरखरा मुख्य नहर से अर्जुन्दा तहसील के भरदाकला चिरचार तक डिस्ट्रब्यूटरी नहर में किया गया लाईनिंग कार्य निर्माण के तीन माह में ही टूटने लगा है। ग्राम भरदाकला एवं चिरचार के किसानों को बिना अवरोध के जल आपूर्ति के लिए शासन ने लाखों रूपये स्वीकृत किया था, लेकिन लग रहा है, जैसे वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। नहर में किए गए लाईनिंग कार्य की वर्तमान स्थिति जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी साल मई जून के माह में यहां लाईनिंग कार्य किया गया है, जो अभी से टूटने लगा है। जबकि लाईनिंग कार्य की उम्र 25 वर्ष से अधिक रहती है। वह, लाइनिंग कार्य टूटने से नहर से पानी का प्रवाह बाधित हो रहा है। वहीं, निकट भविष्य में नाली का लाईनिंग कार्य के पूरी तरह टूटने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कार्य के दौरान कार्य में निर्धारित मापदण्डों का पालन नहीं किया गया है, जिससे नहर में पानी छोड़ते ही वह टूटने व दबने लगी है।

हरिभूमि पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100






**खबर संक्षेप**



## प्राथमिक शाला बिरेतरा में कराया गया नेवता भोज

**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक शाला बिरेतरा में नवचारी शिक्षक टोमन लाल भुआर्य के जन्मदिन पर बच्चों को नेवता भोज कराया गया। नेवता भोज में बच्चों को खीर पूड़ी, केला, केक व चॉकलेट के अलावा अतिरिक्त भोजन दिया गया। इस अवसर पर श्री भुआर्य ने बच्चों, पालक एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला में एक नवाचारी पहल करते हुए पालक शाला प्रबंधन समिति द्वारा गांव व समाज को स्वच्छता तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए शाला में साबुन बैंक की स्थापना की गई। इस संबंध में कहा गया कि हर पालक अपने बच्चों के जन्मदिवस पर एक साबुन शाला में जमा कर स्वयं स्वच्छता के प्रति जागरूक हो और बच्चों को भी जागरूक करें। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक प्रेषक कुमार साहू लक्ष्मी कालियारी, नरेंद्र कुमार साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष थानेश्वर साहू विजय कुमार साहू, अरुण कुमार साहू, भुनेश्वर सिन्हा, नेम सिंह साहू, वनीश कुमार, संजय कुमार साहू सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं समिति सदस्य व पालक-बालक उपस्थित थे।

## रंगोली प्रतियोगिता में यात्विक व मुस्कान प्रथम



**गुरूर।** मयूर पब्लिक स्कूल कुम्हारखान में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि सरपंच सुनीता संजय साहू, विशेष अतिथि सरपंच कुम्हारखान भामिन नेताम एवं विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र नेताम, स्कूल प्राचार्य मोतीलाल साहू थे। प्रतियोगिता में पूर्व प्राथमिक प्रथम यात्विक, द्वितीय तनवी, तृतीय झरना साहू, प्राथमिक प्रथम मुस्कान द्वितीय मोनल, यशिका, पूर्व माध्यमिक बीरेंद्र, गगन साहू ने प्राप्त किया। वहीं, खुशांश, हेमांगी, प्रीति, डिंपल, जीवांश, कनिस्का, गुरुदेव, तनवी, तन्मय, भव्या सहित अन्य बच्चों ने दीप बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई।

## रानीतराई स्कूल में बच्चों ने जन्मदिन पर बांटी मिठाई



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला रानीतराई कि में कक्षा 4 की छात्रा करुणा साहू और कक्षा 3 के छात्र टाकेश कुमार ने मिठाई एवं चॉकलेट बांटकर अपना जन्मदिन मनाया। स्वच्छता ही सेवा के तहत बच्चों ने स्कूल को हैण्डवास व साबुन दान किया। इस अवसर पर शिक्षक देवानंद तारेन्द्र, अमित प्रजापति, पुष्पा तुरकाने, संजय ठाकुर उपस्थित रहे।

### भारतीय किसान संघ की गुंडरदेही इकाई ने 15 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# मिलेट्स की खेती करने वाले किसानों को 25 हजार प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/कलंगपुर

भारतीय किसान संघ जिला बालोद तहसील गुण्डरदेही तहसील कार्यालय पहुंच कर तहसीलदार की अनुपस्थिति में लिपिक को 15 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

गुण्डरदेही तहसील से अलग-अलग ग्रामों से बड़ी संख्या में किसान पहले तहसील साहू सदन में इकट्ठा हुए और वहां से पैदल चलते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे, फिर विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू, जिला उपाध्यक्ष टीकम सिंह साहू, जिला पदाधिकारी मनहरन साहू, बल्दु राम साहू, बुधारु राम साहू, खुमु ठाकुर, राम नारायण सिन्हा, गुण्डरदेही तहसील अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, उपाध्यक्ष चमरु राम साहू, रोशन चतुर्वेदी, डॉ जिवन लाल साहू, बाली कुमार साहू, कुम्भ करण साहू, राम लाल साहू, उत्तम साहू, नेतराम साहू, सेतराम साहू, सुभाष साहू एवं किसान सम्मलित हुए।



समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 1 नवंबर से शुरू करने, सभी फसलों की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने। प्रदेश में दलहन तथा तिलहन का रकबा बढ़ाने तथा फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए धान के अतिरिक्त अन्य फसलों पर प्रति एकड़ 20,000 की आदान सहायता राशि (इनपुट सब्सिडी) देने की मांग की गई। इसी प्रकार सुतिया पाठ जलाशय नहर नाली निर्माण में आवश्यक भू अर्जन राशि शासन के द्वारा शीघ्र जारी की जाए। हाफ नदी पर बकेला के पास एक बांध का निर्माण करने, करियाआमा बैराज का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने, छुईखदान के स्वीकृत सिद्धबाबा बांध त्रुटिपूर्ण परियोजना का पुनः सर्वेक्षण करने की मांग की गई। इसके अलावा बांगो सिंचाई परियोजना के बाएं तट नहर से कोरबा, करतला, बरपाली तहसील में सिंचाई व्यवस्था के लिए उद्धवन सिंचाई के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाए।

गन्ने का मूल्य 500 रूपए प्रति क्विंटल करने, ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर खराब होने पर 3 दिनों के भीतर बदलने, श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती करने वाले किसानों को 25,000 रुपए प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी देने की मांग की गई। प्रत्येक तहसील में जेनरिक कृषि केन्द्र खोलने की मांग की जाए, जहां कृषि संबंधी सभी दवाएं, टॉनिक, उर्वरक आदि उचित मूल्य पर उपलब्ध हों। फसल क्षति पर आरबीसी 6/4 के तहत आपदा राहत राशि देने के लिए जमीन की अधिकतम सीमा 25 एकड़ से घटाकर 5 एकड़ कर दी गई है, इसे पुनः 25 एकड़ की जाए। राजस्व संबंधित विषयों का निराकरण समय सीमा में करने तथा भ्रष्टाचार रोकने के लिए उपयुक्त उपाय करने की मांग की गई है। इसके साथ ही किसान की अकाल मृत्यु होने पर उसे 10 लाख मुआवजा देने, पूर्व की तरह सहकारी समितियों में चुनाव कराने तथा केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर किसानों के मेधावी बच्चों के लिए स्कूल खोलने तथा स्कूली पाठ्यक्रम में कृषि विषय जोड़ने की मांग की गई है।

## मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

भारतीय किसान संघ के आह्वान पर भारतीय किसान संघ गुरुर द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम तहसीलदार हनुमंत श्याम को किसानों के विभिन्न मुद्दों के त्वरित समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा गया। प्रमुख रूप से मांगें गौ वंदन योजना लागू की जाए व गौ माता के पोषण संरक्षण व संवर्धन के लिए एवं जहर मुक्त गौ आधारित जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा गौ माता को पुनः घरों में प्रतिस्थापित करने हेतु प्रत्येक गौ पालक 1000 रुपए प्रतिमाह अनुदान दिया जाए। धान पर प्रतिवर्ष 3100 रूपये की राशि में केंद्र सरकार द्वारा बढाई गई राशि को जोड़कर एक साथ दिया जाए। धान फसल के साथ अन्य फसल दलहन तिलहन को भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए। रूकी हुई सिंचाई परियोजना को शीघ्र पूर्ण की जाए एवं नवीन परियोजना की रूपरेखा बनाने के लिए दस लोगों की टीम गठित की जाए। प्रशासकीय स्वीकृत प्राप्त पैरी उच्च बांध बारूका बांध परियोजना क्रियान्वयन किया जाए। सुतिया पाठ नहर नाली निर्माण आवश्यक भूअर्जन राशि शासन द्वारा शीघ्र पूर्ण की जाए, हाफ नदी पर बकैला के पास एक बांध के निर्माण की मांग की गई। गन्ना का मूल्य विगत वर्षों से 355 रूपए प्रति क्विंटल पर स्थिर है, जिसे बढ़ाकर 500 रूपये क्विंटल किया जाए। कवर्धा जिले में दो शक्कर कारखाना व डौंडीलोहारा में खोला जाए, किसान की अकाल मृत्यु होने पर उसे 10 लाख मुआवजा दिया जाए। इसके साथ ही अन्य विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान संघ के उपाध्यक्ष खुमान सिंह अठनागर नगर, रामकिशन साहू जीवनलाल साहू किसान संघ के सदस्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति मुर्मू का जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत...



**अंडा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में शामिल होने हेलीकॉप्टर से भिलाई पहुंचीं। पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू सहित विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।



## रमनलाल को मिला उत्कृष्ट प्रधानपाठक का पुरस्कार

**डौंडीलोहारा।** मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना के अंतर्गत दुर्ग संभाग स्तर पर बेहतर कार्य करने वाले उत्कृष्ट प्रधान पाठकों में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला के प्रधान पाठक रमनलाल धनेन्द्र को संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग के मंथन सभागार में सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रधान पाठक का सम्मान मिलने पर शाला परिवार की ओर से शिक्षक नीलकंठ धनकर एवं शिक्षिका जानकी देशमुख व धनेश्वरी यादव तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू ने पुष्प गुच्छ भेंटकर बधाई दी तथा ग्राम पंचायत चिल्हाटीकला की सरपंच उमेश्वरी साहू व शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों व चिल्हाटीकला के समस्त ग्रामवासियों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई प्रेषित की है।

## ग्रीन कमांडो विरेन्द्र ने विद्यार्थियों को भेंट किए दीए, पर्यावरण सुरक्षा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुन्दा

जिले के दल्लीराजहरा निवासी ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह बालोद जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों स्कूलों और कॉलेजों में जा जाकर स्कूलों बच्चों और कालेज के छात्र–छात्राओं को 300 दीप दान कर दीपावली पर पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पटाखे की जगह ज्यादा से ज्यादा दीप जलाकर दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्कूलों बच्चों को अपने स्कूलों और घरों में दीप चलाने के लिए प्रेरित किया। जिसमें गुण्डरदेही विकासखंड के अन्तर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटिया (अ) व शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के छात्र-छात्राओं को 300 दीप भेंट किए।




ग्रीन कमांडो विरेन्द्र सिंह ने अपनी पुत्री प्रकृति सिंह के नाम बालोद जिले सहित कांकेर, भानुप्रतापपुर, डौण्डी, अर्जुन्दा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में जाकर स्कूली बच्चों, कालेज के छात्र–छात्राओं, छात्रावास, शिशु मंदिर में जाकर दीप दान किया। उन्होंने कहा कि आओ एक दीप प्रकृति के नाम जलाकर प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा करें, जिससे प्रकृति की सुरक्षा और सम्मान भी बना रहे।

**बताया दीपदान का महत्व–** दीपावली के त्यौहार के पहले, दीपदान करना एक पारंपरिक और शुभ कार्य माना जाता है। उन्होंने दीपदान करने का महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि इससे अंधकार पर प्रकाश की जीत, दीपदान करने से घर में प्रकाश फैलता है और अंधकार दूर होता है। शुभता और समृद्धि आती है। पापों का नाश होता है और आत्मा को शुद्धि मिलती है। देवताओं का आह्वान किया जाता है और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी प्रार्थना की जाती है। इस अभियान में मुख्य रूप से राज्य स्तरीय पुरस्कृत स्वयंसेवक यशवंत कुमार टंडन, भारती साहू, सुदर्शन साहू, प्रियांचल टंडन, लीना देवांगन, चेतन सिन्हा का विशेष सहयोग रहा।

## पूर्व सरपंच ने देवरी द स्कूल में कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/निकुम

शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल देवरी द में पूर्व सरपंच देवरी द गविन्द्रनाथ साहू ने अपने जन्म दिवस पर केक नहीं काटा। उन्होंने स्कूली बच्चों को न्यौता भोज कराया और फल देकर बच्चों के साथ खुशियां बांटी।



### हायर सेकंडरी स्कूल डुंडेरा में हुआ रोल मॉडल इंटरेक्शन प्रोग्राम

## मेहनत व लगन से करें पढ़ाई, अपनी रूचि के अनुसार चुने अपना कैरियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

हायर सेकंडरी स्कूल डुंडेरा में प्रोजेक्ट संगवारी (साथी) के तहत रोल मॉडल इंटरेक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसके तहत डुंडेरा में करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य मुख्य वक्ता के रूप में मोहला मानपुर जिले से आओ सहेली चुप्पी तोड़े कार्यक्रम के संचालक हरीश कुमार एवं पीरामल फाउंडेशन से जिला प्रोग्राम समन्वयक मिथलेश देशमुख और जिला प्रोग्राम ऑफिसर लिलेश्वर कुमार उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सोशल सेक्टर डेवलपमेंट क्षेत्र में भविष्य के अवसर को अपने वास्तविक अनुभवों को साझा करते हुए बताया गया।



उन्होंने छात्रों को मेहनत और लगन को प्राथमिकता देने की सलाह दी और उन्हें रुचि के अनुसार करियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य वक्ता ने बच्चों के प्रश्नों का उत्तर देकर, इस क्षेत्र में उनको स्पष्टता प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल डुंडेरा के शाला प्रमुख एनके साहू के संरक्षण में हुआ। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जुगुनू ठाकुर, नोडल अधिकारी एमके. देवांगन, और शाला परिवार से शिक्षकगण टीके. ठाकुर, मनोज देवांगन, सीएल. ठाकुर, पूनम देशमुख, साहिना अंजू, योगिता साहू, वायके. देशमुख, दीपक जोशी एवं डीएस. ठाकुर ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। फाउंडेशन से चेतन यादव ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। आभार प्रदर्शन व्याख्याता सीएल ठाकुर ने किया।

## शासकीय विद्यालय चिचबोड़ में लगा विज्ञान मेला, बच्चों ने बनाए मॉडल, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद/कलंगपुर

विकासखण्ड गुण्डरदेही अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिचबोड़ में नवाचारी शिक्षण गतिविधि क़े अन्तर्गत विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण क़े निर्माण एवं आसपास में विज्ञान विषय पर आधारित इस मेला में बच्चों ने अपने दैनिक जीवन में विज्ञान से लेकर, विज्ञान क़े बदलते परिवेश और नव सृजन आधारित विविध विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया। जिसमें प्रमुख रूप से चंद्रयान अनुज, ज्वारीय ऊर्जा से विद्युत भेशकुमारी पटेल, ज्वालामुखी और गणित क़े अनुप्रयोग विभाष, मीणा मंच मानसी, ग्रहण संध्या, स्मार्ट डस्टबिन नोमिता, जल फिलटर गरिमा, ग्रीन हाउस कृष्णा,



जलचक्र नंदनी, पवन ऊर्जा टिकेश, उत्तोलक पीयूष, सूक्ष्मदर्शएँ हिमांसी, इंद्रधनुष विनिता, वायुमंडल की परत तानिया सहित कोशिका, पाचन तंत्र, उत्सुर्जन तंत्र एवं विज्ञान क़े अनुप्रयोग आधारित 42 छात्रों ने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। विज्ञान शिक्षिक मधु नेताम, द्रोणकुमार सार्वा व गणित शिक्षक मुकेश साहू क़े निर्देशन में आयोजित इस विज्ञान मेले का प्रधानपाठक संदीप जोशी ने निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों में वैज्ञानिक सोच व कबाड़ से जुगाड़ को प्रेरित किया। इस विज्ञान मेला क़े आयोजन में छात्रसंघ प्रमुख जानवी महिपाल, विज्ञान क्लब प्रभारी मानसी, विभास का प्रमुख योगदान रहा।

## दिवाली का हवाला देकर नर्सिंग एडमिशन की तारीख एक माह बढ़ाने आईएनएसी को चिट्ठी

**रायपुर।** महीने के अंतिम दिनों में दिवाली का हवाला देकर नर्सिंग एडमिशन की अंतिम तिथि एक माह बढ़ाने इंडियन नर्सिंग काउंसिल को सिफारिश की गई है। डीएमई ने दिल्ली भेजे गए पत्र में बीएससी नर्सिंग प्रवेश के लिए न्यूनतम अंक खत्म करने का सुझाव भी दिया है। पत्र में इस बात का उल्लेख भी है कि बीएससी की 65 प्रतिशत सीटें अभी भी खाली हैं। चिकित्सा शिक्षा संचालक द्वारा भारतीय नर्सिंग काउंसिल को भेजे गए पत्र में इस बात का जिक्र किया गया है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज


### कुम्हारों ने पारंपरिक दीयों के साथ आकर्षक डिजाइनों में भी तैयार किए दीए

# दीपावली करीब, सजने लगीं दीयों की दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

दो दिन बाद मंगलवार को धनतेरस के शुभ दिन 13 दीपों के साथ हर घर जगमगायेगा। शनिवार को सुबह से ही जिला मुख्यालय के सड़कों से लेकर बाजार तक मिट्टी के बने कई आकर्षक दीए की दुकानें सज गईं। अब ये दुकानें आगामी दीपावली यानी 31 अक्टूबर तक लगेंगी। शनिवार से लोगों ने दीयों की खरीदारी शुरू कर दी है। कुम्हारों द्वारा कई अलग अलग आकर्षक डिजाइन के साथ मिट्टी के दीये बनाये गए हैं, जिसकी बिक्री खूब हो रही है। तो वहीं लोग अपने मकान को दीपों के साथ रंगबिरंगे लाइटों से भी आकर्षक रुप से सजाने तैयारी तेज कर दी है। जिला मुख्यालय में दर्जन भर से अधिक दीये की दुकानें सज चुकी हैं और अभी दुकानों की संख्या भी बढ़ेगी और आगामी 4–5 दिनों में दुकान 50 से अधिक पहुंच जाएगा।





### हरिभूमि की अपील, कुम्हारों से खरीदे सामान

पूरे साल भर में दीपावली का त्यौहार ही ऐसा समय होता है जो जिले के कुम्हारों को अच्छी आमदनी की उम्मीद होती है और साल भर का मेहनत ही दीपावली में कमाई गई आमदनी से ही उन्हें दिखता है। बाजार में कई प्रकार के चायना आइटम व दीये दुकानों में बिक रहे हैं। हरिभूमि लोगों से अपील करता है कि इस दीपावली पर्व पर हम कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीये, माता लक्ष्मी की मूर्ति खरीदकर उनकी भी दीपावली खुशहाली से भर दें। कुम्हारों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की ज्यादा से ज्यादा खरीदी करें और अपने साथ–साथ उनकी भी दीपावली को रोशनी से भर दें।

online Booking:-www.tripuryatra.com


4 रात व 5 दिन Ex न्यू जलपाईगुड़ी
14 नवंबर से 18 नवंबर 2024, 19 जनवरी से 23 जनवरी 2025
10 फरवरी से 14 फरवरी 2025, 25 मार्च से 29 मार्च 2025
14 अप्रैल से 18 अप्रैल 2025
राशि:-स्टैंडर्ड पैकेज 8500 (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411